बर्षः- 05
अंकः- 325
मुरादाबाद
(Saturday)
21 March 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पीएम मोदी ने थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन को दी बधाई, कहा- और मजबूत करेंगे साझेदारी

प्रधानमंत्री मोदी ने अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड का नया प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करने की बात कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड का प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों नेता मिलकर भारत और बैंकॉक के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के रिश्ते साझा सभ्यता और संस्कृति पर आधारित हैं। दोनों देशों के लोगों के बीच बहुत पुराने और गहरे संबंध हैं। उन्होंने जोर दिया कि दोनों देश शांति, प्रगति और समृद्धि के साझा लक्ष्यों के लिए एकजुट हैं।थाईलैंड के निचले सदन ने गुरुवार को अनुतिन चर्नविराकुल को देश का नया प्रधानमंत्री चुना। उन्हें कुल 293 वोट मिले। 59 साल के अनुतिन को 8 फरवरी के आम चुनाव के बाद संसदीय मतदान में चुना गया है। उनके प्रतिद्वंद्वी नत्थाफोंग रुआंगपान्यवुत को सिर्फ 119 वोट मिले। मतदान के दौरान 86 सदस्यों ने हिस्सा नहीं लिया। अनुतिन की पार्टी %भूमजईथाई% ने 500 सीटों वाले सदन में 191 सीटें जीती थीं। उन्होंने पीपुल्स पार्टी को पीछे छोड़ दिया, जिसे 120 सीटें मिली थीं। इसके बाद अनुतिन ने 16 पार्टियों का एक गठबंधन बनाया। इसमें फेउ थाई पार्टी भी शामिल है। इस गठबंधन के पास कुल 292 सीटें हैं।

अनुतिन पिछले दो दशकों में दोबारा सत्ता में लौटने वाले पहले थाई प्रधानमंत्री बने हैं। हालांकि, उनके सामने कई चुनौतियां भी हैं। उन्हें साल 2022 में भांग (कैनबिस) को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के लिए जाना जाता है। अगस्त 2025 में पैतोंगतार्न शिनावात्रा को पद से हटा दिया गया था। कंबोडियाई नेता हुन सेन के साथ उनकी फोन कॉल लीक होने के बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया था।

इसके बाद अनुतिन ने अल्पसंख्यक सरकार का नेतृत्व किया था। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद भी एक बड़ी समस्या है। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बाद फिर से लड़ाई शुरू हो गई थी। इस संघर्ष ने अनुतिन को अपनी राष्ट्रवादी छवि मजबूत करने और बहुमत हासिल करने का मौका दिया। अनुतिन के पिता चवरत चर्नविराकुल ने एक बड़ी निर्माण कंपनी %सिनो-थाई इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन% की स्थापना की थी। अनुतिन ने साल 2004 में अरबपति थाक्सिन शिनावात्रा के प्रशासन से राजनीति में कदम रखा था। साल 2007 में कोर्ट ने थाक्सिन की पार्टी को भंग कर दिया था। इसके बाद अनुतिन पर भी पांच साल के लिए राजनीति से प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके बाद वे साल 2012 में भूमजईथाई पार्टी के नेता के रूप में राजनीति में वापस लौटे।

केरल में राहुल गांधी बोले- जनता को यूडीएफ पर पूरा भरोसा, जनता बदलाव के लिए तैयार

राहुल गांधी ने केरल चुनाव के लिए यूडीएफ को एक मजबूत टीम बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ईमानदारी से काम करने वाली सरकार और बदलाव चाहती है। कांग्रेस ने 92 उम्मीदवारों की सूची जारी की है, जिसमें किसी सांसद को जगह नहीं मिली है। राहुल ने केरल को अपना घर बताते हुए जीत का दावा किया।केरल में चुनाव का एलान हो गया है। चुनावी हलचल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि केरल के लोग अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राज्य में यूडीएफ की सरकार बनाने की वकालत की। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा %टीम यूडीएफ ही टीम केरलम है।%उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि हर उम्मीदवार केरलम के लोगों की आवाज, उनकी उम्मीदों और उनके भरोसे को दर्शाता है। इस टीम में अनुभवी नेताओं के साथ-साथ बदलाव लाने वाले युवा चेहरे भी शामिल हैं। यह पुरुषों और महिलाओं का एक ऐसा मजबूत समूह है, जो अपने चुनाव क्षेत्र की बारीकियों और समस्याओं को बहुत अच्छी तरह समझते हैं।वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने केरल से अपने खास लगाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा, %मेरे लिए केरलम एक घर की तरह है और वहां के लोग मेरा परिवार हैं। केरल के लोगों ने मुझे जो कुछ भी सिखाया है और मुझे जितना प्यार और अपनापन दिया है, उसके लिए मैं उनका कर्जदार हूं। मैं हमेशा आपका साथी बनकर रहूंगा।%लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि केरलम से मिलने वाला संदेश बिल्कुल साफ है। लोग बदलाव के लिए तैयार हैं। वे एक ऐसी सरकार की तलाश में हैं जो उनकी बात सुने, उनकी समस्याओं को समझे और ईमानदारी के साथ काम करके दिखाए। उन्होंने वादा किया कि आने वाली यूडीएफ सरकार के साथ मिलकर वे इस खूबसूरत राज्य के बेहतर भविष्य के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि केरल जीतेगा और यूडीएफ नेतृत्व करेगा।राहुल गांधी का यह संदेश कांग्रेस की ओर से 92 उम्मीदवारों की सूची जारी होने के एक दिन बाद आया है। केरल में नौ अप्रैल को विधानसभा चुनाव होने हैं। सत्ताधारी एलडीएफ को कड़ी टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी ने इस बार किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव के मैदान में नहीं उतारने का फैसला किया है। पार्टी ने अंदरूनी दबाव के बावजूद अपने राज्य स्तर के नेतृत्व पर ही भरोसा जताया है। कांग्रेस कुल 92 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। बाकी सीटें यूडीएफ के अन्य सहयोगी दलों और कुछ निर्दलीयों के लिए छोड़ी गई हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस पिछले एक दशक से केरल की सत्ता से बाहर है।

संक्षिप्त समाचार

तेल कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल के दाम 2.3 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाए, सामान्य पेट्रोल स्थिर

तेल विपणन कंपनियों ने 20 मार्च 2026 से प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2.3 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। मध्य पूर्व के तनाव के कारण एचपीसीएल और आईओसीएल के ब्रांडेड पेट्रोल हुए महंगे। रेगुलर पेट्रोल के दाम स्थिर। तेल विपणन कंपनियों ने भारत में प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी का एलान किया है, जिससे विशेष ईंधन का उपयोग करने वाले ग्राहकों पर असर पड़ेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 20 मार्च 2026 से प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में दो रुपये से लेकर 2.3 रुपये प्रति लीटर तक का इजाफा किया गया है। पुणे में नई कीमतों के अनुसार, स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल के दाम में 2.09 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। पहले इस पेट्रोल का भाव 111.68 रुपये प्रति लीटर था, जो अब बढ़कर 113.77 रुपये प्रति लीटर हो गया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह फैसला मुख्य रूप से मध्य पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक ईंधन बाजारों पर इसके बढ़ते प्रभाव के कारण लिया गया है। हालांकि, आम उपभोक्ताओं के लिए यह एक बड़ी राहत की बात है कि नियमित (रेगुलर) पेट्रोल की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। किन ब्रांड्स पर पड़ा है असर?- वृद्धि का सीधा असर प्रमुख तेल कंपनियों के ब्रांडेड ईंधनों पर देखने को मिला है।

युद्ध स्वार्थ का नतीजा, दुनिया को संघर्ष नहीं सद्भाव चाहिए; नागपुर में बोले संघ प्रमुख

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में दुनिया के मौजूदा हालातों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि स्वार्थ और वर्चस्व की भावना ही दुनिया में झगड़ों की मुख्य वजह है। उन्होंने शांति के लिए धर्म और एकता पर जोर दिया।आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने दुनिया में बढ़ते तनाव को लेकर बयान दिया है। नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आखिर क्यों दुनिया में शांति नहीं हो पा रही है। भागवत ने स्वार्थ और दूसरों पर काबू पाने की इच्छा को इन विवादों की जड़ बताया। उन्होंने कहा कि जब तक लोग अपनी सोच नहीं बदलेंगे, तब तक शांति संभव नहीं है। भारत के प्राचीन ज्ञान को उन्होंने दुनिया की समस्याओं का समाधान बताया। उनका कहना है कि पूरी दुनिया को एक परिवार की तरह देखना ही सुख का रास्ता है।आरएसएस प्रमुख शुक्रवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद के नए दफतर के भूमि पूजन कार्यक्रम में बोल रहे थे। मोहन भागवत ने कहा कि पिछले दो हजार वर्षों से दुनिया में शांति के लिए कई प्रयोग किए गए। लेकिन इनमें से कोई भी पूरी तरह सफल नहीं हुआ। आज भी धार्मिक कट्टरता और जबरन धर्म परिवर्तन जैसी समस्याएं मौजूद हैं। लोग खुद को दूसरों से बड़ा और दूसरों को छोटा समझते हैं। यही वजह है कि दुनिया में लगातार संघर्ष और विवाद बने हुए हैं।धर्म केवल किताबों में नहीं, लोगों के व्यवहार में दिखना चाहिए- भागवत-संघ प्रमुख ने कहा कि शांति केवल बातों से नहीं आएगी। इसके लिए एकता, अनुशासन और धर्म के रास्ते पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि धर्म केवल किताबों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसे लोगों के व्यवहार और आचरण में दिखना चाहिए। अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन करने के लिए मेहनत और त्याग की जरूरत होती है। जब तक समाज में अनुशासन नहीं होगा, तब तक हम एक बेहतर दुनिया की कल्पना नहीं कर सकते। दुनिया को टकराव की जगह आपसी मेलजोल की जरूरत- भागवत ने कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान सिखाता है कि हम सब एक हैं और आपस में जुड़े हुए हैं। दुनिया को अब टकराव छोड़कर तालमेल और सहयोग की तरफ बढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अब आधुनिक विज्ञान भी धीरे-धीरे इसी बात को मान रहा है। भारत मानवता के नियम का पालन करता है, जबकि दूसरे %सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट% में विश्वास करते हैं। यही वजह है कि दुनिया के कई हिस्से केवल ताकतवर के जीवित रहने की बात करते हैं। दुनिया को संघर्ष की नहीं बल्कि आपसी मेलजोल की जरूरत है।

सांसद केएल शर्मा का कंगना रनौत पर पलटवार, बोले- राजनीति अभिनय का क्षेत्र नहीं, यहां सोच समझकर बोलें

अमेठी पहुंचे सांसद केएल शर्मा ने कंगना रनौत पर पलटवार किया। कहा कि राजनीति अभिनय का क्षेत्र नहीं है, यहां सोच समझकर बोलें। पहले होमवर्क करना जरूरी है।यूपी के अमेठी में गौरीगंज जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को समापन पर सांसद किशोरी लाल शर्मा पहुंचे। शिविर का आयोजन सांसद के प्रयास और मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के सहयोग से हुआ।शिविर के समापन पर करीब एक हजार दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण वितरित किए गए। इनमें ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र और अन्य सहायक उपकरण शामिल रहे। कार्यक्रम में मौजूद लाभार्थियों ने इसे अपने जीवन में उपयोगी बताया।इस मौके पर सांसद ने कहा कि शिविर का कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है। यह सेवा भाव से किया गया प्रयास है। इसका लक्ष्य जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना है। इस पहल में किसी भी दल या विचारधारा के लोगों में भेद नहीं किया गया। सभी पात्र दिव्यांगों को समान रूप से लाभ देने की कोशिश की गई। उन्होंने भाजपा सांसद कंगना रनौत पर पलटवार करते हुए कहा कि राजनीति गंभीर विषय है। इसमें बोलने से पहले तैयारी जरूरी है। यह अभिनय का क्षेत्र नहीं है, पहले होमवर्क कर लिया जाए तो बेहतर रहेगा। सांसद ने आगे कहा कि कंगना पर टिप्पणी करना आवश्यक नहीं है, मगर उनकी जानकारी पर सवाल उठते हैं। वह सुभाषचंद्र बोस को देश का पहला प्रधानमंत्री बताती हैं। यह भी कह चुकी हैं कि देश 2014 में आजाद हुआ। ऐसे बयानों से उनकी समझ का स्तर स्पष्ट होता है। बताते चलें कि हाल के दिनों में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर दिए गए बयान के बाद कंगना रनौत सुर्खियों में थीं। इसी संदर्भ में सांसद किशोरीलाल शर्मा ने प्रतिक्रिया दी। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने सभी सहयोगियों और आयोजकों का आभार जताया।

धामी कैबिनेट का हुआ विस्तार, विधायक खजान दास, भरत सिंह चौधरी सहित इन पांच मंत्रियों ने ली शपथ

क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाते हुए पांच नए मंत्रियों को धामी कैबिनेट में एंट्री मिली है। लोकभवन में राज्यपाल ने विधायक खजान दास, भरत सिंह चौधरी, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, राम सिंह कैड़ा को मंत्रिपद की शपथ दिलाई।धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्रियों की ताजपोशी की गई। राजपुर विधायक खजान दास, भरत सिंह चौधरी, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह केड़ा ने आज धामी मंत्रिमंडल में मंत्रिपद की शपथ ली। प्रदेश में लंबे समय से कैबिनेट विस्तार की चर्चाएं थी, जिन पर आज विराम लगा।आज नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को लोकभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने सबसे पहले राजपुर विधायक खजान दास को शपथ दिलाई। इसके बाद भरत सिंह चौधरी ने संस्कृत में शपथ ली।

फिर विधायक मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह केड़ा ने भी मंत्रिपद की शपथ ली। वर्तमान में कैबिनेट में पांच मंत्रियों के पद खाली हैं, जिनमें नए मंत्रियों की ताजपोशी की गई। ताजपोशी के लिए नए चेहरों का चयन विधायकों के पिछले चार साल के कामकाज का रिकॉर्ड देखकर किया गया है। नई कैबिनेट में क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाया गया। राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ कैबिनेट विस्तार पर कई दौर की वार्ता हो चुकी थी। सरकार व संगठन के बीच कैबिनेट विस्तार के लिए होमवर्क पूरा होने के बाद इसके लिए नवरात्र का शुभ मुहूर्त चुना गया।मैदान से लेकर पहाड़ तक संतुलन बनाया- धामी मंत्रिमंडल में मैदान से लेकर पहाड़ तक संतुलन बनाया है। पहली बार हरिद्वार को दो कैबिनेट मंत्री मिले। अब कैबिनेट में गढ़वाल के आठ और कुमाऊं के चार मंत्री हैं। तीन विधायक पहली बार कैबिनेट मंत्री बने। दो पुराने मंत्रियों को भी मौका दिया गया।

संपादकीय Editorial

How will the war end?

The question now is not so much how long the Iran war will last, but when will it end. Now the fundamental question and deeper concern is how will the war end? Twenty days have passed since the war began. US-Israeli airstrikes have reduced Iran to a graveyard. Iran has also reduced Israel's capital, Tel Aviv, to ruins. The holy city of Jerusalem has also been razed. More than 12,000 Israeli buildings have been damaged or razed to the ground. Now it seems that Iran will either be reduced to dust itself or will wipe out Israel's existence! The situation in both countries is at its peak. Any night could prove to be the "night of doom." Iran has burned to ashes the oil installations, fields, and refineries that were symbols of the prosperity of the Gulf countries. Those countries have either halted or significantly reduced production. Airports have been destroyed and devastated. Tourism is suffering losses of $600 million per day. The Gulf economies have plummeted by 12-15 percent. The dollar is suffering a severe depreciation, impacting the US economy as well. The US has spent nearly $17 billion on the war so far, leading to discontent and anger there as well. Iran is virtually devastated and destroyed. Fifty-six of its top leaders have been assassinated, including "Supreme Leader" Khamenei and National Security Council chief Larijani. Now, Israel has issued a death warrant for the new "Supreme Leader" Mojtaba Khamenei. Iran's president, vice president, chief justice, foreign minister, and parliament speaker have also been targeted. Iran's historic buildings, residential homes, and over 200 hospitals have been reduced to rubble. Nearly 1,500 people have been killed, and more than 12,000 injured. Approximately 3.2 million people have been rendered homeless. This is a report from the United Nations Refugee Agency. The World Food Programme has stated that if the war continues until June, approximately 45 million people will face starvation. This will be due to the oil crisis. Despite this, the old regime in Iran remains intact, its nuclear program continues unabated 400 meters deep in the mountains, and Iran's underwater "missile city" remains viable, and missile attacks from there are being launched to devastate the enemy. Iran claims to have killed more than 200 American soldiers, wounded approximately 3,000, destroyed approximately 150 missile launchers, and destroyed defense and radar systems. Aircraft carriers like the Gerald Ford and Lincoln, symbols of American military arrogance, have been forced to return to the United States. John Bolton, President Trump's former National Security Advisor, says that Trump is deeply entangled in the Iran war. The war has become a "noose around his neck." There is no way out of the war. Ironically, Trump is forced to fight Israel's war. Contradictions are emerging within Trump's own administrative structure. Joe Kent, director of the National Counterterrorism Agency, has resigned, stating that Iran posed no immediate threat to the United States, making this war incomprehensible. NATO and European countries have also defied President Trump, refusing to join the war or send ships to the Strait of Hormuz. This refusal undermines Trump's arrogance. However, how will this war, which is affecting 85 countries worldwide, including India, Japan, and China, end? This question remains unanswered. World leaders are negotiating at various levels. Foreign ministers of Arab and Islamic countries have also met, but Iran is still not ready for a ceasefire. Israel has a long-standing ambition to destroy Iran. What will the world do? India's position is that this is not the time for war. We have always advocated for peace. India also advocated.

A harsh order on a minor issue, a passage from an NCERT textbook that was not noteworthy

It is well known that high government officials avoid committing contempt of the judiciary, even intentionally or unintentionally. Even in this judicial order, there is not a single sentence from the NCERT Director or the textbook that suggests the passage was included with any malicious intent. The passage on judicial corruption in an NCERT textbook. The Supreme Court's extremely harsh and one-sided order. The order further publicized a controversial issue. The Supreme Court's extremely harsh order on a small, informative passage on "corruption in the judiciary" in an NCERT school textbook has created a difficult situation. A careful examination of all the available material reveals a complex situation for the plaintiff, plaintiff, and judge. The deliberate "criminal contempt" of court seems somewhat odd. There are several ironies in this entire episode. First, the Supreme Court's displeasure. Taking cognizance of the matter on his own, the Supreme Court judge rightly asked, "Is corruption only in the judiciary?"This is certainly a serious question. Allegations of corruption in the executive and legislature have been even more widespread and widespread. Corruption at high levels in India has been a topic of discussion from time to time since 1948. Silencing corruption in the executive and legislature and encouraging children to worry only about corruption in the judiciary could have been considered one-sided. This accusation would have been more accurate, but ironically, the judge's question about why corruption in only one branch of government was made a subject of education is absent from his seven-page order. Instead, it is extremely harsh and one-sided. A harsh order was issued even before the case was heard and NCERT was given a chance to present its case in court. It seems an additional irony that the court's order issued such harsh conclusions without giving the author of the text, the high-level committee that approved the text, and the publisher an opportunity to respond. The order also concluded that the book's content was "irresponsible, hateful, disrespectful, and calculated." This tarnished the image of NCERT, which remained unrepresented despite the serious allegations leveled against it, as the plaintiff was the Supreme Court itself! The third irony is that the entire order doesn't quote a single sentence or word from the text that could be considered objectionable. Instead, a "self-evident" newspaper report was cited, which was the basis for the court's displeasure. Not a single inappropriate word from the report was quoted. This seems somewhat odd, as the order regarding the passage published in the textbook states, "We do not wish to quote the text, which mentions hundreds of complaints against the judiciary," and "Certain words have been selected from a statement by a former Chief Justice, which suggests that the judiciary has admitted to a lack of transparency and accountability and corruption within the institution." It seems ironic that if a quote on a relevant issue is accurate, authentic, and relevant, how can it be considered inappropriate? The Supreme Court's said order does not call those quotes from the text inaccurate or its sources unreliable. After all, several Supreme Court judges have publicly stated the same things in even harsher terms. Justice B.R. Gavai said in June 2025, "Sadly, there have been cases of corruption and inappropriate behavior in the judiciary." Such incidents negatively impact public confidence and have the potential to undermine credibility in the system. Similarly, in a public lecture, former Supreme Court judge Ruma Pal said, "Judges use the term 'independence' of the judiciary as a sword to initiate contempt proceedings against critics, but it is also used to conceal a multitude of sins." In today's age of widespread media coverage, everything reaches every corner. However, corruption in the judiciary is the lowest among all three branches of government. It is also ironic that the passage in the NCERT textbook does not actually reflect anything disrespectful. The title of the passage itself was misleading. Its description merely mentions the procedures in place to address complaints against judges. The presentation, language, and style of those facts do not reflect any contempt or malicious intent, which seems to be assumed. It's a profound irony that a passage from a textbook that no one finds objectionable or even noteworthy in itself is attracting the attention of millions of people due to such a harsh court order. Since the passage and the book itself have been removed from everywhere with immediate effect by the court order, the topic of "corruption in the judiciary" is being widely discussed. This judicial order, in turn, has given publicity to a topic that was in itself merely a formal statement. It is well known that senior government officials avoid contempt of the judiciary, even intentionally or unintentionally. This judicial order also does not mention a single sentence from the NCERT Director or the textbook, suggesting that the passage was included with any malicious intent. It seems more likely to be an inadvertent mistake, and that too by a committee in which senior decision-makers were outside NCERT. It should be noted that numerous previous Judges themselves have pointed out that the primary responsibility for the credibility of the judiciary lies with the judges themselves. Former Chief Justice S.P. Bharucha said in December 2002, “To demonstrate that the judiciary does not tolerate corruption in its own ranks, it is necessary to investigate and remove corrupt judges from service.” It would have been more appropriate for the Supreme Court to fulfill the expectations of its own distinguished former judges and strengthen public confidence in the judiciary.

A New Chapter in Indian Cinema

A filmmaker is more of a guide than a director. He is a level-headed individual who sees his work through to fruition. A good film is made with trust rather than control, and Dhurandhar is a prime example of that. "Dhurandhar" marks a new chapter in Indian cinema. A realistic portrayal of the India-Pakistan conflict and espionage. Aditya Dhar challenged conventional filmmaking. With the release of the second part of "Dhurandhar," the film has once again become a topic of discussion. This film marks a new chapter in Indian cinema. It is the first Indian film in recent years to remain consistently in the news. The film's core narrative revolves around Pakistani conspiracies against India. Former Pakistan Army Chief Zia-ul-Haq adopted a strategy of inflicting thousands of small wounds on India instead of conventional warfare, a strategy Pakistan has maintained over time. Dhurandhar is the story of an Indian spy countering such Pakistani audacity. Dhurandhar is a surrealistic masterpiece, with its plot, dialogue, and political authenticity, combined with the underlying violence and background music. The main character, Hamza Ali Mazari, is like Abhimanyu from the Mahabharata, sent by his nation to seek vengeance. The Lyari area of ??South Karachi, notorious for crime, poses a Chakravyuh for Hamza, a Chakravyuh (a web of darkness) that he must break through to return to India. Will he be able to break through this vicious Chakravyuh? Dhurandhar is India's first film that explores the current India-Pakistan conflict in all its horror. Aditya Dhar's research to depict Pakistan's frustration with India and its proxy terrorism is unheard of in Mumbai's commercial cinema, with the exception of Satyajit Ray or Shyam Benegal. The film's key characters, Major Iqbal, Babu Dakat, Rehman Dakat, Uzair Baloch, SP Aslam, and Javed Khanani, all bear striking resemblance to the notorious criminals and terrorists who carried out attacks like the Kandahar plane hijacking, the Parliament attack, and 26/11. Released late last year without any planned publicity, Dhurandhar's phenomenal success stunned Bollywood's star system and production houses. Commercial jealousy had silenced them, but the audience's outpouring of love for the film changed their tune. Dhurandhar also demonstrated that negative reviews cannot prevent a work's excellence from making headlines. Ram Gopal Varma, who has given Indian cinema many memorable films, was so impressed by it that he said, "I don't think it's an exaggeration that Indian cinema will now be seen as 'before Dhurandhar' and 'after Dhurandhar'." What exactly about Dhurandhar made people like it? In fact, Dhurandhar's events unfold so rapidly, and its subplot is so compelling, that viewers are unable to fully connect with the story's development. Therefore, the film was watched multiple times to absorb its plot and subplot. Cinema has been Aditya Dhar's passion since childhood. Even dyslexia, which makes it difficult to read, write, and spell. A harsh reality of Mumbai is that even after getting work, it often doesn't pay off. Yet, people persist, hoping to gain experience. Aditya, who moved to Mumbai in 2006, wrote songs for Kabir Khan's Kabul Express and also worked as an assistant director. While working on films like Haal-e-Dil and Daddy Cool, Priyadarshan's Aakrosh and Tez, Aditya continued to dream of making his own film. His stories were repeatedly stolen, and things nearly fell through. In 2016, Aditya's fortunes took a turn when he was about to make his first film, "Raat Baaki," with Fawad Khan for Karan Johar's Dharma Productions. At that time, the Uri terrorist attack occurred. A ban was imposed on Pakistani artists in India, preventing Aditya from making the film. Just days after the Uri attack, the Indian Army carried out a surgical strike across the border, eliminating a large number of Pakistani terrorists. This surgical strike suddenly inspired Aditya Dhar to overcome his depression and make his first film. After six months of research at his own expense, he wrote the script for "Uri" in 12 days, and the rest is history. A line from his film, "How's the Josh?", became a national conversation at the time. There's no doubt that Aditya breaks the status quo associated with mainstream cinema with his cinema. With just two films, Uri and Dhurandhar, Aditya Dhar has transformed the meaning of being a filmmaker. The filmmaker is no longer a controller but a synthesizer, empowering every artist in the film. Creation happens in his presence. A filmmaker is more of a guide than a director. He is a person of steadfast wisdom. He sees his creation through. A good film is made with trust rather than control, and Dhurandhar is a prime example of that.

मुरादाबाद मंडल में बरसे बदरा: झमाझम बारिश से मौसम ठंडा, किसानों की बढ़ी चिंता, सरसों-गेहूं की फसल को नुकसान

मुरादाबाद में देर रात से हो रही बारिश से मौसम ठंडा हो गया है। बेमौसम बरसात और तेज हवा ने गजरौला क्षेत्र में किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मुरादाबाद मंडल में मौसम ने अचानक करवट बदल ली। देर रात से शुरू हुई बूंदाबांदी शुक्रवार सुबह तक रुक-रुक कर बारिश में बदल गई। इससे शहर और ग्रामीण इलाकों में ठंडक महसूस की जाने लगी। सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई बारिश कुछ देर थमी, लेकिन आसमान में काले बादल छाने के साथ ही झमाझम बरसात होने लगी।बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को हल्की ठंड का अहसास हुआ। सुबह के समय कामकाज के लिए घरों से निकले लोग छाता और पन्नी का सहारा लेते नजर आए। कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव और कीचड़ से भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।उधर, गजरौला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटी पड़ी सरसों की फसल भीगने से खराब होने लगी है। तेज हवा के साथ हुई बारिश ने गेहूं की खड़ी फसल को भी जमीन पर बिछा दिया है। इससे पैदावार कम होने का खतरा मंडरा रहा है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय हो रही बारिश रबी की फसलों के लिए नुकसानदेह साबित होती है, खासकर तब जब फसल कटाई के लिए तैयार हो या खेतों में पड़ी हो। मौसम विभाग ने भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आंधी और बारिश की संभावना जताई है।

खेत में गन्ना छीलते समय बिजली गिरी, दो मजदूरों की मौत, अमरोहा में मची चीख-पुकार

अमरोहा के गजाना-बागड़पुर क्षेत्र में गन्ना छील रहे मजदूरों पर बिजली गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई। इसके अलावा अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अमरोहा में शुक्रवार की सुबह अचानक बदले मौसम ने खूब कहर बरपाया। गजाना-बागड़पुर गांव के पास खेत में गन्ना छील रहे मजदूरों पर बिजली गिर गई। इसमें मजदूर धर्मेंद्र सिंह उर्फ कलुआ (46) और नरेश (32) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। दोनों मजदूरों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक मजदूर धर्मेंद्र सिंह उर्फ कलुआ देहात थानाक्षेत्र के गजाना गांव के रहने वाले थे।नरेश मूलरूप से बिहार के रहने वाले थे। नरेश बागड़पुर गांव के रहने वाले पूर्व प्रधान शेर सिंह के भाई जयवीर सिंह के घर पर एक सप्ताह पहले नौकरी करने आए थे। धर्मेंद्र सिंह के परिवार में पत्नी पूनम के अलावा तीन बच्चे हैं। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की सुबह गजाना निवासी मुन्नी देवी के खेत में जयवीर सिंह, धर्मेंद्र उर्फ कलुआ, नरेश और भूरे खा गन्ना छील रहे थे। करीब 8-30 बजे अचानक बूंदाबांदी के साथ आसमान में बिजली कड़कने लगी। तभी जयवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नरेश और भूरे खां खेत के पास में बने मकान पर जाने लगे। तभी तेज धमाके के साथ बिजली जमीन पर गिरी और उसकी चपेट में आकर धर्मेंद्र और नरेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जयवीर सिंह और भूरे खां घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही अमरोहा देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। थाना प्रभारी शौकेंद्र बालियान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम सदर, तहसीलदार और लेखपाल भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। मृतक धर्मेंद्र के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं, मृतक नरेश के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

किशोरी से किया था रेप, दोषी को 20 साल कठोर कारावास की सजा

किशोरी से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मुख्य आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास और 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। फरार आरोपी के खिलाफ वारंट जारी किया गया है। 19 अगस्त 2017 को आरोपी ने घर में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। अदालत ने मोहम्मद नसीम को दोषी मानते हुए धारा 452 के तहत तीन वर्ष का कारावास व तीन हजार रुपये जुर्माना, धारा 354ए के तहत दो वर्ष का कठोर कारावास व दो हजार रुपये जुर्माना तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। फरार आरोपी रिजवान का वारंट जारी किया है, जबकि साकिब को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आदित्य कुमार सिंह के अनुसार, अदालत ने जुर्माने की राशि में से 30 हजार रुपये पीड़िता को देने और पांच हजार रुपये राज्य सरकार में जमा कराने के निर्देश दिए हैं।अभियोजन के अनुसार, घटना से करीब छह माह पहले बकरी के बच्चे को लेकर विवाद हुआ था, जिसकी रंजिश में आरोपी ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

पेट्रोल पंप कर्मी की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

रामपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में पेट्रोल पंप कर्मी ने विषैला पदार्थ निगल लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों ने पंप संचालक और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया।सिविल लाइंस क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी संजीव यादव सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत थे और करीब दस साल से यहां काम कर रहे थे। बुधवार शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उल्टियां होने लगीं। इसके बाद उन्हें अस्पताल भेजा गया और परिजनों को सूचना दी गई।परिजन मौके पर पहुंचे और हालत गंभीर होने पर उन्हें मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम हाउस के बाहर परिजनों ने हंगामा करते हुए पंप स्वामी और कर्मचारियों पर जहर देकर हत्या का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे सिविल लाइंस कोतवाल ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया, जिसके बाद पोस्टमार्टम कराया गया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ओमकार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, इसलिए विसरा सुरक्षित कर लिया गया है। तहरीर मिली है और सभी आरोपों की जांच की जा रही है।

भाकियू असली जिलाध्यक्ष सहित 5 पदाधिकारी गिरफ्तार, 55 हिरासत में

गंगा में अवैध बालू खनन के आरोप को लेकर महापंचायत के बाद धरना दे रहे भारतीय किसान यूनियन (असली) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने संगठन के राष्ट्रीय महासचिव और जिला मांगने सहित गंभीर धाराओं में गिरफ्तार भंग की आशंका में हिरासत में लिया गया तलाश की जा रही है।बुधवार को जुनावई आयोजित की गई थी। महापंचायत में हरपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान का आरोप था कि बुलंदशहर जनपद के जनपद की सीमा में गंगा से बालू का अवैध दौरान आसपास के गांवों में बाढ़ का खतरा के एसडीएम ने किसानों से वार्ता करते हुए पर खनन बुलंदशहर जनपद की सीमा के आश्वस्त करने का प्रयास किया, लेकिन और मैन्युअल सीमांकन कराने की मांग पर ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। प्रशासन की संयुक्त टीम धरना स्थल पर हटवा दीं। इसके साथ ही धरना दे रहे

अध्यक्ष समेत पांच पदाधिकारियों को रंगदारी किया है, जबकि 55 कार्यकर्ताओं को शांति है। राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह की भी क्षेत्र में गंगा किनारे उस स्थान पर महापंचायत भाकियू (असली) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी और पदाधिकारी मौजूद रहे। किसान नेताओं नाम पर जारी खनन पट्टे की आड़ में संभल खनन किया जा रहा है, जिससे बरसात के उत्पन्न हो सकता है। मौके पर पहुंचे गुन्नौर स्पष्ट किया कि डिजिटल पैमाइश के आधार भीतर ही हो रहा है। उन्होंने किसानों को किसान नेता इस दलील से सहमत नहीं हुए अड़े रहे।वार्ता विफल होने के बाद किसानों बुधवार आधी रात के बाद पुलिस और पहुंची और वहां लगे टेंट व अन्य व्यवस्थाएं पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। गुरुवार को प्रशासन ने बताया कि कुल 55 लोगों को शांति भंग की आशंका में हिरासत में लिया गया है। भाकियू (असली) के राष्ट्रीय महासचिव ऋषिपाल सिंह, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, केदारी सिंह, सुभाष और दिलीप उर्फ टीटू को खनन रोकने की धमकी देकर रंगदारी मांगने सहित अन्य गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। किसान नेताओं का आरोप है कि वे केवल अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठा रहे थे और प्रशासन उनकी बात सुनने के बजाय दमनात्मक कार्रवाई कर रहा है। जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई नेकहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने और रंगदारी मांगने जैसी गतिविधियों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अवैध उगाही व रंगदारी मांगने पर हुई गिरफ्तारी - एसपी पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि खनन कार्य में लगे वाहनों को रोककर जबरन वसूली करने के आरोप सामने आने के बाद कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि विपिन कुमार उर्फ मोनू निवासी ग्राम ततारपुर, थाना हापुड़ देहात द्वारा थाना जुनावई में तहरीर देकर कहा गया कि वह शासन द्वारा निर्गत पट्टे के अनुसार मौरंग का खनन कर रहा है और निर्धारित शासकीय शुल्क भी जमा कर रहा है। इसके बावजूद कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग उसके ट्रक, डंपर और ट्रैक्टर को जबरन रोककर उनसे अवैध वसूली कर रहे थे। थाना प्रभारी की जांच में पाया गया कि कुछ वाहनों को रोका गया था और उन पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास भी किया गया था। इसके बाद पुलिस ने मौके पर मौजूद सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में से केदारी सिंह पर पहले से ही गुंडा एक्ट, आर्म्स एक्ट, चोरी और हत्या के प्रयास (धारा 307) समेत कुल नौ मुकदमे दर्ज हैं। वहीं सुभाष, राजपाल सिंह यादव, ऋषिपाल सिंह और दिलीप उर्फ टीटू पर भी दो-दो मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। पुलिस ने जिन 55 अन्य को हिरासत में लिया है उन पर खनन कार्य में लगे लोगों को परेशान करने और अवरोध उत्पन्न करने का आरोप है।

मुकदमा वापस लेने का दबाव, पति पर अश्लील फोटो भेजने का आरोप

रामपुर। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने और प्राथमिकी वापस न लेने पर उसके अश्लील फोटो रिश्तेदारों को भेजने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि उसका विवाह बरेली जिले के किला थाना क्षेत्र के एक युवक से हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद ही पति दहेज की मांग करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह अपने भाई के घर रहने लगी। भरण-पोषण के लिए उसने वाद दायर किया।महिला के अनुसार इसके बाद पति ने वीडियो कॉल कर उस पर बहनोई के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया। विरोध करने पर उसने झांसा देकर कहा कि उसकी बात मानने पर उसे वापस घर ले आएगा। आरोप है कि इसके बाद पति ने उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो बना लिए। महिला का कहना है कि पति ने ये फोटो और वीडियो रिश्तेदारों को भेजकर उसे बदनाम किया और भरण-पोषण का मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर लगातार बदनाम करने की धमकी दी गई। पीड़िता ने मानसिक तनाव में होने की बात कही है। सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी ओमकार सिंह के अनुसार आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

सीएम योगी के दौरे की तैयारी को लेकर एक्शन मोड़ में बीडीए



क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने अपनी विकास परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने की की रफ्तार तेज कर दी है, ताकि मुख्यमंत्री के समक्ष विकास का एक भव्य और सुव्यवस्थित खाका पेश किया जा सके। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के संचालकों के साथ अधूरी परियोजनाओं और उनकी वर्तमान स्थिति पर बिंदुवार चर्चा की गई। इस दौरान कार्यदायी एजेंसियों को दो-टूक हिदायत दी गई कि निर्माण की गति बढ़ाने के चक्कर में गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। मुख्य अभियंता एपीएन सिंह ने बताया कि परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है, जिसके तहत देरी से चल रहे कार्यों को %%क्रिटिकल%% श्रेणी में रखकर प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। बीडीए के आला अधिकारियों का पूरा जोर इस बात पर है कि मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान शहर का बुनियादी ढांचा और सौंदर्यीकरण पूरी चमक के साथ दिखाई दे। बीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि रामायण वाटिका जैसी सांस्कृतिक महत्व की परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि मुख्यमंत्री के हाथों इनका लोकार्पण प्रभावी ढंग से हो सके।

बरेली समेत आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ बारिश

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। मौसम का मिजाज फिर बदल गया। शुक्रवार को सुबह से ही बारिश शुरू हो गई। करीब दो घंटे रिमझिम बारिश होती रही। इस दौरान तेज हवा भी चली। इससे पहले पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बृहस्पतिवार को दोपहर तक बादल मंडराते रहे, लेकिन निम्न वायुदाब का क्षेत्र नहीं बनने से बारिश नहीं हुई। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 29.4 व न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बारिश होने से तापमान में गिरावट हुई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ अतुल कुमार के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा पर बना पश्चिमी विक्षोभ पछुआ हवा के साथ पहाड़ों से सटे मैदानी इलाकों में प्रवेश कर रहा है। इससे बादल मंडरा रहे हैं। शनिवार को भी निम्न वायुदाब का क्षेत्र बनने पर गरज-चमक और तेज हवा संग बारिश का अनुमान जताया है। बारिश से पहले सुरक्षित स्थान पर पहुंचने का सुझाव दिया है। उधर, बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश से गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान हो सकता है। बदायूं में रिमझिम बारिश ने शहर और ग्रामीण इलाकों में मौसम को सुहावना बना दिया। हालांकि बारिश के चलते सड़कों पर फिसलन बढ़ गई और जगह-जगह कीचड़ की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम में आए इस बदलाव का असर जनजीवन पर भी साफ नजर आया। मौसम विभाग ने अगले एक-दो दिनों तक हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना जताई है, जिससे तापमान में और गिरावट आ सकती।

ईद की खुशियों में जरूरतमंद लोगों को दरगाह आला हज़रत पर कपड़ों का तोहफा

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। ईद-उल-फितर के करीब आते ही शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं।

इसी क्रम में दरगाह आला हजरत में जरूरतमंदों के बीच ईद की खुशियां बांटी गईं। सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की ओर से बच्चों को कुर्ता-पायजामा और महिलाओं को सूट वितरित किए गए, ताकि गरीब परिवार भी ईद के त्योहार में शामिल हो सकें। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि इस मौके पर मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि ईद-उल-फितर रमजान के पूरे तीस रोजों का इनाम है। जब बंदा पूरे महीने रोजा रखता है, समय पर नमाज अदा करता है और अल्लाह के हुक्म के मुताबिक अपनी जिंदगी गुजारता है, तब अल्लाह उसे ईद की खुशियों से नवाजता है।

उन्होंने कहा कि ईद खुशियों का त्योहार है और इसे आपसी भाईचारे और मोहब्बत के साथ मनाना चाहिए। अपनी खुशियों में गरीब और जरूरतमंद लोगों को भी शामिल करना चाहिए, क्योंकि असली ईद तभी है जब सभी लोग मिलकर खुशियां मनाएं।दरगाह पर ईदी और कपड़ों के वितरण की जानकारी मिलते ही सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। सभी जरूरतमंदों को ईदी देकर नवाजा गया।

प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार द्वारा विकास कार्यों, नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

क्यूँ न लिखूँ सच /अरविंद कुमार / पीलीभीत -पीलीभीत प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर आज दिनांक 19.03.2026 को जनपद पीलीभीत में मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा परिहार जिला उपाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पंचायतीराज विभाग, उद्योग विभाग एवं नेडा विभाग का संयुक्त आयोजन गांधी प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार की नीतियों, उपलब्धियों व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नुक्कड नाटक के माध्यम से दी गई। प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मा0 जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास-सबका विश्वास के आधार पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के कमजोर व्यक्तियों तक संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि आर्थिक रूप से प्रबल होने के लिए अपना घर व अपना रोजगार होना आवश्यक है। सरकार इन्हीं नीतियों पर कार्य कर रही हैं, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के द्वारा आवास विहीन लोगों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने आह्वान करते हुये कहा कि जनपद को झोपड़ी मुक्त बनाने के लिए अपने गांव में झोपड़ियों को चिहिन्त करते हुये अवगत कराये ताकि उन्हें योजना से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि हम आत्मनिर्भर तभी बनेगें जब हम कुछ नया सीखेगें और नया करेगे।

हर व्यक्ति कुछ न कुछ उत्पादन कर राष्ट्र निर्माण में योगदान करे। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी देते हुये बताया कि इस योजना के अन्तर्गत अपना उद्यम स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा बिना किसी गारण्टी के 05 लाख रूपये का लोन दिया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से सरकार का उद्देश्य आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग को सशक्त बनाना है। इस दौरान पंचायत विभाग, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। पंचायतीराज विभाग विभाग द्वारा शौचालय निर्माण हेतु तेजराम, बुद्धसेन, बालकराम, कैकेयी, पूरनदेई स्वीकृति पत्र वितरित किए। नेडा विभाग द्वारा कुमार इलेक्ट्रिकल एंड कंस्ट्रशन, वीके कंस्टेक्शन, आस्था इंटरप्राइजेज, शिव टेऊडर्स, आर्क एनर्जी सॉल्यूशन, पीवीएस टेऊडर्स, जेके इण्टर प्राइजेज, रेनूका इण्टरप्राइजेज प्रशस्ति पत्र एवं उद्योग विभाग द्वारा राजमिस्त्री को वीरपाल, लालता प्रसाद, सतवीर, सीमर, मोची टेऊड राम औतार व मनोज कुमार एवं दर्जी टेऊड-नीलम कुमारी, रागुन कश्यप, अदीबा, खुशबू ज्योति आदि को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। मंच का सफल संचालन जनपद के वरिष्ठ पत्रकार श्री मंसूर अहमद शम्सी जी द्वारा किया गया।

टेस्टिंग में 11 फर्मों के सैंपल फेल, ब्लैकलिस्ट की लटकी तलवार

नगर आयुक्त ने परखी थी 17 फर्मों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। स्मार्ट सिटी में विकास के नाम पर बिछाई जा रही सड़कों और नालियों के नीचे दबे भ्रष्टाचार की परतें उखड़ने लगी हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की ओर से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर कराई गई जांच में इसका खुलासा हुआ है। 17 प्रमुख फर्मों के कार्यों की लैब टेस्टिंग कराई गई थी, इनमें 11 फर्मों का काम निर्धारित मानकों की कसौटी पर खरा नहीं उतरा। इसपर नगर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए न केवल भारी जुर्माना लगाने, बल्कि ऐसी फर्मों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इससे ठेकेदारों में खलबली मची हुई है। दरअसल, पिछले दिनों शहर में हो रहे विकास कार्यों की हकीकत जानने के लिए नगर आयुक्त खुद फील्ड में उतरे थे। जांच के दौरान कई स्थानों पर सड़क और नालियों का निर्माण इतना घटिया पाया गया कि हाथ लगाते ही पोल खुलकर सामने आ गई। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी और इंजीनियरों की टीम के सामने नगर आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से मानक विहीन सड़कों और नालियों को दोबारा खोदने के निर्देश दिए थे। बताया गया कि पहले चरण में 30-30 लाख रुपये की लागत वाले उन कार्यों को निशाने पर लिया गया, जो नगर निगम निधि, 15 वें वित्त आयोग और एनकैप परियोजना के तहत कराए गए थे। जांच में मैसर्स गिरीश पाराशरी, कुंवर कंसट्रक्शन, एसपीएस कंसट्रक्शन, सूरी डेवलपर्स, कुमार एंड कंपनी, एपी कंसट्रक्शन, अंजनी बिल्डर्स, एमबी कंस्ट्रक्शन और एसपी कंस्ट्रक्शन जैसी फर्मों के कार्य अधोमानक पाए गए। यानी निर्माण में सीमेंट और कंक्रीट की जगह केवल खानापूर्ति की गई। इन फर्मों पर अब न केवल जुर्माने की तलवार लटक रही है, बल्कि भविष्य में इनके ब्लैकलिस्ट होने का खतरा भी मंडरा रहा है।

चोरी गई एक सोने की चेन व एक अंगूठी बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच /राजकुमार शर्मा (कटारे)/बैराड पुलिस द्वारा चोरी के अपराध क्रमांक 117/2026 मे चोरी गई एक सोने की चेन व एक अंगूठी कीमती करीबन 2,25,000/- रूपये की बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया एवं माननीय न्यायालय पेश किया गया। शिवपुरी ‒ फरियादी संदीप पुत्र गोपाल धाकड उम्र 27 साल निवासी ग्राम सहसराम थाना गसवानी जिला श्योपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 10, 11/03/2026 को मैं अपने साले संतोष धाकड की शादी में बैराड आया था मैं अपने गले में एक सोने की चेन तथा दाहिने हाथ की रिंग फिंगर(अंगुली) में सोने की अंगूठी पहने हुये था। मैंने अधिक शराब पीने के कारण माता रोड कलारी के पीछे खुली जगह में सो गया था रात्री मैं कोई अज्ञात चोर मेरी सोने की चेन व सोने की अंगूठी कीमती 2,25,000/- रूपये की चुराकर ले गया है रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 117/2026 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिह राठौड़ द्वारा चोरी की घटना को गंभीरता से लिया गया तथा तत्काल थाना बैराड पुलिस को शीघ्रताशीघ्र ट्रेस करने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले व एसडीओपी पोहरी श्री आनंद राय के मार्गदर्शन मे पुलिस टीम गठित कर सीसीटीव्ही कैमरो कों खंगाला गया तथा विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर ज्ञात हुआ कि संदेही सोनू रावत पुत्र हक्के उर्फ हाकिम रावत उम्र 25 रावत निवासी बैराड गांव रोड़ बैराढ,

2.मंगल रावत पुत्र प्रयागसिंह रावत उम्र 27 साल निवासी माता मंदिर के पीछे वार्ड क्र. 05 भदेरा बैराढ के दिनांक 10, 11/03/2026 को माता रोड़ कलारी के पीछे जाते दिखे थे बाद संदेही सोनू रावत पुत्र हक्के उर्फ हाकिम रावत उम्र 25 रावत निवासी बैराड गांव रोड़ बैराढ, 2.मंगल रावत पुत्र प्रयागसिंह रावत उम्र 27 साल निवासी माता मंदिर के पीछे वार्ड क्र. 05 भदेरा बैराढ को तलब कर पूछताछ की गई तो जुर्म करना स्वाकीर किया आरोपीगण का मेमोरेण्डम के आधार पर चोरी गई सोने की चेन व सोने की अंगूठी कीमती 2,25,000/- रूपये बरामद की गई आरोपीगण को गिरफतार किया गया आरोपीगणों के विरूद्ध पूर्ण रूप से करीव 02 दर्जन अपराध पंजीबद्ध है गिरफतार शुदा आरोपीगण को माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपीगण को जेल भेजा गया। जप्त मसरुका - एक सोने की चेन व एक सोने की अंगूठी कीमती 2,25,000/- रूपये इनकी रही भूमिका ‒ - निरी सुरेश शर्मा , सउनि सत्येन्द्र सिंह भदौरिया, आर. 817 रविन्द्र धाकड , आर. 116 संदीप राठौर,आर.150 अतरसिंह रावत, आर. 1093 गिर्राज त्यागी।

तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

